हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शनिवार 9 मई 2026

12 नगर परिषद मीटिंग में अध्यक्ष व अधिकारी करते रहे इंतजार



12 लापरवाही बरतने वाले छह प्रगणकों को नोटिस



**खबर संक्षेप**

### चोरी की मोटरसाइकिल सहित आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** शहर थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के एक मामले को सुलझाकर आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से बाइक भी बरामद की गई है। पुलिस टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी सातरोड खास निवासी कमल के रूप में हुई है जिसे पुलिस ने रायपुर फाटक, सेक्टर 1-4 के पास से काबू किया। शहर थाना प्रभारी उप निरीक्षक अमित ने बताया कि पुलिस टीम के मुख्य सिपाही राजवीर ने उक्त आरोपी को पकड़ा है।

### चोरी के मामले में संलिप्त आरोपी काबू

**हिसार।** शहर थाना पुलिस नें चोरी के मामले में संलिप्त आरोपी को काबू किया है। आरोपी की पहचान तलवंडी राणा निवासी शिवम के रूप में हुई है। शहर थाना से एएसआई सूरजमल ने बताया कि इस संबंधा में 20 अक्टूबर 2024 को खोखा निवासी अंकित की शिकायत पर बस स्टेंड से उसका मोटरसाइकिल चोरी होने पर मामला दर्ज किया गया था। जांच के दौरान मल्लापुर निवासी अमित को पहले से गिरफ्तार किया जा चुका है।

### 19 लीटर अवैध शराब व स्कूटी सहित एक पकड़ा

**हिसार।** शहर थाना पुलिस ने लोहा मंडी से एक एक व्यक्ति को 19 लीटर अवैध शराब व स्कूटी सहित काबू किया है। सब इंस्पेक्टर रामचन्द्र ने बताया कि जब वे अपनी टीम के साथ लोहा मंडी में गश्त पड़ताल अपराध पर मौजूद थे तो शक के आधार पर एक स्कूटी सवार व्यक्ति को काबू किया।

### एससी/एसटी एक्ट मामले में आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** डीएसपी बरवाला सुमित कुमार ने एससी/एसटी एक्ट के एक पुराने मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान लितानी निवासी नवीन के रूप मे हुई है। डीएसपी बरवाला सुमित कुमार ने बताया कि इस संबंध में 16 अक्टूबर 2025 को उकलाना की एफसी कॉलोनी निवासी विजय की शिकायत पर आरोपियों द्वारा उसके साथ मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने तथा जातिसूचक गालियां देने का केस दर्ज किया गया था।

### सट्टा खाईवाल कर रहा युवक 15,800 रुपये के साथ काबू

**हांसी।** सीआईए-1 पुलिस टीम ने सरेआम सट्टा खाईवाल कर एक युवक को 15,800 रुपये के साथ काबू किया गया। एसआई राजेश कुमार ने बताया कि गश्त व अपराध जांच के दौरान सूचना मिली थी कि ढाणी ठाकरिया निवासी संदीप हांसी रेलवे स्टेशन के समीप बिजली घर के पास सट्टा खाईवाली कर रहा है।

## हड़ताली कर्मचारियों ने पूर्व मंत्री के आवास पर थाली बजाते हुए किया प्रदर्शन

# सफाई कर्मियों की हड़ताल से बिगड़ी हिसार की सूरत

**बदबू मार रहा शहर में हर गली-कूचा**

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से 1600 टन कचरा सड़कों पर, कचरे से अटे बाजार और सड़कें, फैल रही बदबू और गंदगी

**कर्मचारियों को विभिन्न पार्टियों का समर्थन मिला और उनकी मांगों को जायज बताया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पिछले एक सप्ताह से हड़ताल करके अपनी मांगे उठा रहे नगरपालिका कर्मचारियों ने आठवें दिन शुक्रवार को आंदोलन तेज कर दिया। इसी कड़ी में उन्होंने नगर निगम कार्यालय से पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के आवास तक थाली बजाते हुए प्रदर्शन किया और जोरदार नारेबाजी की। हड़ताल के आठवें दिन इन कर्मचारियों को विभिन्न पार्टियों का समर्थन मिला और उनकी मांगों को जायज बताया। उधर, लगातार चल रही हड़ताल से शहर के हालात बदतर होने लगे हैं और जगह-जगह कूड़े के ढ़ेर अब बड़े होने लगे हैं।

नगरपालिका कर्मचारियों की आठवें दिन की हड़ताल की अध्यक्षता प्रधान सुरेंद्र उर्फ गोलू ने की जबकि जिला प्रधान सन्नी सारसर ने संचालन किया। हड़ताली कर्मचारियों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारी आठ दिनों से शांतिपूर्ण ढंग से अपनी आवाज उठा रहे हैं, लेकिन सरकार के कान पर जूं तक नहीं रेंग रही है। उन्होंने कहा कि जब मांगें पूरी नहीं हो जाती तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सरकार ने जल्द ही हमारी मांगों पर सकारात्मक रुख नहीं अपनाया तो आंदोलन और तेज होगा, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। इस दौरान कर्मचारियों ने थाली बजाकर रोष प्रदर्शन कर सरकार को मांगों व हकों के लिए जगाने का प्रयास किया।



हिसार। पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता के आवास के बाहर थाली बजाकर प्रदर्शन करते कर्मचारी।

### जनजीवन पर पड़ने लगा असर

नगर निगम कर्मचारियों की हड़ताल का असर अब आम जनजीवन पर पड़ने लगा है। लगातार हड़ताल के कारण शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। जगह-जगह कूड़े के ढेर लगने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शहर के प्रमुख बाजारों, कॉलोनियों और सार्वजनिक स्थलों पर कचरा जमा होने से बदबू फैल रही है।

### घर से सड़क तक हर जगह कचरा

लगातार चल रही हड़ताल की वजह से जहां विभिन्न क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था नहीं हो रही है वहीं डोर टू डोर कचरा उठाने का कार्य भी ठप है। एक अनुमान के अनुसार हड़ताल के कारण अब तक 1600 टन कचरा सड़कों पर पड़ा सड़ांध मार रहा है। हड़ताल के कारण शहर की स्वच्छता व्यवस्था पर संकट गहराता जा रहा है। बढ़ते कचरे के कारण बीमारियों फैलने की आशंका भी बढ़ गई है।

### इन संगठनों ने दिया समर्थन

हड़ताल को समर्थन देने के लिए इनेलो के प्रदेश सचिव दलबीर किरमारा व अन्य नेता, जजपा जिला अध्यक्ष अनिल बालकिया, जजपा महिला जिला अध्यक्ष सुमन श्योराण, जजपा जिला प्रवक्ता रवि आहुजा, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान अशोक सैनी, नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य उप कोषाध्यक्ष राजेश बागड़ी, अशोक बोहत, किसान नेता सुरेंद्र मान, डॉ. भीमराव अंबेडकर संघर्ष शिक्षा समिति के प्रधान मुकेश डुलगच, पब्लिक हेल्थ ब्रांच के सचिव राकेश कुमार, रिटायर्ड कर्मचारी संघ नेता नरेश गौतम, आईबी मैकेनिकल प्रधान जोगेंद्र फौजी, दमकल विभाग के जिला प्रधान राजेश महला, अनुसूचित जाति पंचायत महासभा के प्रधान देवेंद्र शीलू, नगर निगम इकाई के वरिष्ठ प्रधान धर्मपाल आदि मौजूद रहे।

### फायर ब्रिगेड कर्मियों की हड़ताल से लोग परेशान

**नारनौंद।** हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन संबंधित नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर अग्निशमन कर्मचारियों की हड़ताल एक महीने से चल रही हैं। वही नगर पालिका कर्मचारी संघ की हड़ताल सातवें दिन भी जारी रही। शुक्रवार को हड़ताल की अध्यक्षता सतीश कुमार ने की व मंच का संचालन नरेश कुमार ने किया। यूनियन के राज्य उप प्रधान जसवीर श्योकंद व राज्य उप- महासचिव देवेन्द्र लोहान ने कहा कि 16 फरवरी फरीदाबाद के मुझेसर में कालका स्टील फैक्ट्री में आग बुझाते समय दो कर्मचारी रणवीर सिंह व भविचंद शर्मा लोगों की जान माल की रक्षा करते हुए आग में झुलस गए और अस्पताल में इलाज के दौरान इनकी मौत हो गई थी। सरकार से मांग है कि इन कर्मचारियों को बलिदान का दर्जा दे उनके आश्रितों को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि और परिवार के सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।

## म्यांमार में बंधक बनाने व साइबर फ्रॉड करवाने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

- थाईलेंड में फूड पैकिंग की नौकरी दिलवाने का दिया था झांसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

साइबर क्राइम थाना प्रभारी सतेन्द्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक ऐसे शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है, जो युवाओं को विदेश में अच्छी नौकरी का झांसा देकर उन्हें म्यांमार (बर्मा) बॉर्डर पर ले जाकर बंधक बनाता था और उनसे जबरन साइबर फ्रॉड जैसे अवैध कार्य करवाता था।

इस संबंध में पुलिस को अंकित व अन्य ने कैथल निवासी अमरजीत उर्फ गैरी के खिलाफ शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार आरोपी अमरजीत उर्फ गैरी ने उन्हें थाईलेंड में फूड पैकिंग की नौकरी दिलाने का लालच दिया था। अंकित को जनवरी 2025 में जॉर्जिया और फरवरी 2025 में थाईलेंड भेजा गया। थाईलेंड पहुंचने के बाद, आरोपी और उसके गिरोह ने अंकित को अवैध तरीके से बॉर्डर पार कराकर म्यांमार के 7 स्टार नामक कंपनी के कैंप में पहुंचा दिया। वहां अंकित का पासपोर्ट, जरूरी दस्तावेज और पैसे छीन लिए गए और उसे बंधक बनाकर जबरन साइबर फ्रॉड करने के लिए मजबूर किया गया। मना करने पर उसके साथ मारपीट भी की गई। अंकित ने किसी तरह अपनी बहन को व्हाट्सएप के माध्यम से अपनी स्थिति और म्यांमार के पते की जानकारी दी।

शिकायत के बाद थाना साइबर क्राइम ने जांच करते हुए मुख्य आरोपी अमरजीत उर्फ गैरी को हिसार से काबू कर लिया। आरोपी के खिलाफ धारा 24 इमिग्रेशन एक्ट 1983 व अन्य संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस टीम द्वारा आरोपी से पूछताछ की जा रही है ताकि अन्य फंसे हुए युवाओं को सुरक्षित निकाला जा सके।

## 9 घंटे में सुलझाई स्नैचिंग की वारदात, दो काबू

- 12 क्वार्ट चौकी की बड़ी कार्रवाई, आरोपियों पर पहले भी 5-5 मामले दर्ज

**हिसार।** पुलिस की 12 क्वार्टर चौकी पुलिस टीम ने कैमरी रोड़ पर हुई स्नैचिंग की वारदात को मात्र 9 घंटे में सुलझाते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान कैमरी रोड निवासी सुनील व साहिल के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में पता चला है कि आरोपियों पर पहले भी चोरी व अन्य धाराओं के तहत 5-5 मामले दर्ज है। चौकी प्रभारी एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि इस संबंध में कैमरी निवासी दीपक ने शिकायत की थी। शिकायत के अनुसार गुरुवार रात को लगभग साढ़े 9 बजे जब वह अपने घर पर जा रहा था तो उसका मोटरसाइकिल खराब होने पर वह मोटरसाइकिल को साइड में रोककर जाने लगा। इस दौरान दो युवकों ने चाकू दिखाकर उससे तीन हजार रुपये छीन लिए और भाग गए। घटना की गंभीरता को देखते हुए उनकी टीम ने तुरंत घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। तकनीकी एवं गुप्त सूचना के आधार पर वारदात में प्रयुक्त ई-रिक्शा की पहचान करते हुए आरोपियों को चिन्हित कर काबू कर लिया गया। आरोपियों के कब्जे से छीनी गई 3000 की राशि व चाकू बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने वारदात में प्रयोग किया गया ई-रिक्शा भी कब्जे में लिया है।

**दोस्त के पास जाने की बात कहकर निकला था घर से**

# लाला हुकुमचंद जैन पार्क की दीवार के पास मिला युवक का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



उमरा रोड़ स्थित लाला हुकुमचंद जैन पार्क के पास एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान शांति निकेतन कॉलोनी निवासी 29 वर्षीय प्रदीप कुमार यादव के रूप में हुई है। प्रदीप अविवाहित था और वह एक कंप्यूटर सेंटर में पढ़ाई कर रहा था। जानकारी के अनुसार प्रदीप बुधवार शाम करीब 6 बजे घर से यह कहकर निकला था कि उसके दोस्त का फोन आया है और वह किसी काम से उसके पास जा रहा है। इसके बाद जब वह देर रात तक वापस घर नहीं लौटा। तो उसको काफी तलाश किया गया, लेकिन उसका कहीं कोई सुराग नहीं मिला। परिजनों के अनुसार गुरुवार रात करीब साढ़े आठ बजे प्रदीप का शव उमरा रोड़ स्थित लाला हुकुमचंद जैन पार्क की दीवार के पास संदिग्ध अवस्था में पड़ा मिला। पार्क के पास प्रदीप का शव पड़ा होने की सूचना मिलने पर परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया जहां शुक्रवार को मृतक के भाई मनदीप के बयान दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप मामले की जांच आरंभ कर दी है। मृतक के भाई मनदीप ने बताया कि प्रदीप बुधवार शाम को घर से अपनी बाइक और मोबाइल फोन लेकर गया था, लेकिन शव के पास न तो बाइक मिली और न ही उसका मोबाइल। उन्होंने बताया कि उसका में छोटा भाई प्रदीप सरकारी नौकरी हासिल करने के लिए तैयारी कर रहा था और पढ़ाई में जुटा हुआ था। लेकिन उसकी अचानक मौत से परिवार सदमे में है। वहीं जांच अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि प्रदीप की बाइक रेलवे स्टेशन के पास से बरामद कर ली गई है,

## एसपी ने जिले के ट्रैफिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बैठक में दिए निर्देश

# जागरूकता के साथ नियमों की अनदेखी करने वालों पर पुलिस दिखाएगी सख्ती

- यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए पूरी जिम्मेदारी एवं सतर्कता के साथ ड्यूटी निभाएं : सिद्धांत जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार


पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने सभी ट्रैफिक अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने के लिए पूरी जिम्मेदारी एवं सतर्कता के साथ ड्यूटी निभाएं। उन्होंने कहा कि आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए नियमों की उल्लंघना करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाए।



हिसार। बैठक को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक।

### एसपी सिद्धांत जैन ने बैठक में ट्रैफिक नियमों पर दिया जोर

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन जिला के ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक में निर्देश दे रहे थे। बैठक के दौरान यातायात व्यवस्था को और अधिक सुचारू, सुरक्षित एवं प्रभावी बनाने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में विशेष रूप से गलत दिशा में वाहन चलाने, ओवरस्पीड, बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, नाबालिग वाहन चालकों एवं शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। साथ ही बाजारों, स्कूलों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों एवं मुख्य चौकों पर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विशेष निगरानी रखने के आदेश दिए गए। बैठक में ट्रैफिक व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझावों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर एएसपी मयंक मुदगिल के अलावा ट्रैफिक प्रभारी, प्रवाचक बलवंत सिंह, प्रभारी इंटरसेप्टर सब इंस्पेक्टर कुलदीप सिंह व अन्य कर्मचारी मौजूद थे।





# फोर्स 3 के लिए हर्षवर्धन कर रहे कड़ी मेहनत...

**मुंबई।** अभिनेता हर्षवर्धन राणे फिल्म 'फोर्स 3' के एक्शन सींस के लिए किसी सुनसान इलाके में कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। न्यूटन के गति के दूसरे नियम का हवाला देते हुए उन्होंने अपने सह-कलाकारों जॉन अब्राहम और तान्या मानिकतला के साथ वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में 42 साल के हर्षवर्धन ट्राइसेप्स के लिए बैंड एक्सरसाइज करते दिख रहे हैं, फिर भारी वजन उठाकर अपनी पीठ, कंधों और बाइसेप्स की ट्रेनिंग करते दिख रहे हैं। आखिर में शोल्डर श्रग्स से अपना वर्कआउट पूरा किया। हर्षवर्धन ने बताया कि मुंबई जाने में रोजाना दोनों तरफ से 5 घंटे से ज्यादा समय लग जाता है।

## लाइफ Style

# अनीत

## शक्ति शालिनी से लुक आया सामने

'सैयारा' फेम अभिनेत्री अनीत पड्डा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग में बिजी हैं। उनकी फिल्म की शूटिंग के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सैयारा' फेम अभिनेत्री अनीत पड्डा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग में बिजी हैं। उनकी फिल्म की शूटिंग के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं। एक वीडियो दतिया का है, जहां इस फिल्म की शूटिंग चल रही है। इससे पहले एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमें से उनका पहला लुक सामने आया था। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। दावा है कि यह वीडियो मध्यप्रदेश के दतिया का है। यहां अनीत पड्डा की अपकमिंग फिल्म 'शक्ति शालिनी' की शूटिंग हो रही है। वीडियो में नजर आ रहा है कि एक मंदिर नुमा इमारत बनी है। इसके आस-पास कई लोग चहलकदमी कर रहे हैं। यहां कैमरे और लाइट का भी इंतजाम है। माहौल बिल्कुल शूटिंग वाला है। लगभग एक हफ्ते पहले भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ था। दावा था कि यह वीडियो भी 'शक्ति शालिनी' का है। वीडियो में नजर आ रहा था कि कुछ लोग स्कूल ड्रेस में कहीं जा रहे हैं। इसमें अनीत पड्डा भी नजर आ रही थीं। वह स्कूल की ड्रेस में थीं। एक व्यक्ति ने उनके ऊपर छतरी लगाई हुई थी। ख्याल रहे कि पिछले साल अनीत पड्डा को फिल्म 'शक्ति शालिनी' में लीड एक्ट्रेस के तौर पर चुना गया था।



## हॉलीवुड मसाला



# मौत से पहले शेयर किया था डांस वीडियो

**लॉस एंजिल्स।** मनोरंजन की दुनिया से एक बेहद दुखद और चौंकाने वाली खबर आ रही है। 'द ओनली वे इज एसेक्स' के फेम जेक हॉल का स्पेन में निधन हो गया है। वह महज 35 साल के थे। इंटरनेट की दुनिया में हर कोई स्तब्ध है। इसकी वजह ये है कि मौत से कुछ ही घंटे पहले जेक हॉल इंस्टाग्राम स्टोरी पर वीडियो पोस्ट कर रहे थे, नाच रहे थे, पेंटिंग कर रहे थे। उनके दोस्तों का कहना है कि स्पेन टूर के दौरान जेक अपने करीबियों के साथ एक बेहतरीन समय बिता रहे थे। ऐसे में किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि रियलिटी टीवी स्टार को लेकर यह दुखद खबर आएगी।




# फीफा वर्ल्ड कप के लिए शकीरा ने दिखाई नए गाने की झलक

**लॉस एंजिल्स।** कोलंबियाई सिंगर शकीरा अपने गानों और डांस की वजह से चर्चा में रहती हैं। वह अपने गानों से दुनियाभर के लोगों को झूमने पर मजबूर करती हैं। शकीरा ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर अपने एक नए गाने का टीजर शेयर किया है। शकीरा ने अपने इंस्टाग्राम पर अपने गाने का एक मिनट का टीजर शेयर किया है। इसमें वह कई कलाकारों के साथ शानदार डांस कर रही हैं। टीजर शेयर करते हुए शकीरा ने लिखा 'माराकाना स्टेडियम से, पेश है दाई दाई फीफा वर्ल्ड कप 2026 का ऑफिशियल गाना। इस छोटे से वीडियो में, शकीरा माराकाना स्टेडियम के मैदान पर डांसर्स के साथ नजर आती हैं। वह इंग्लिश में गाती हैं, 'यहां इस जगह पर / तुम ही हो,' एक पुरुष की आवाज उनके साथ सुर मिलाती है 'जिस चीज ने तुम्हें एक बार तोड़ दिया था, उसी ने तुम्हें मजबूत बनाया।'



# आखिरी सवाल का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** संजय दत्त पिछली कई फिल्मों में धमाल मचा चुके हैं। अब वह अपनी अपकमिंग फिल्म 'आखिरी सवाल' में भी धमाल मचाने वाले हैं। यह जल्द ही रिलीज होने वाली है। इससे पहले इसका ट्रेलर रिलीज किया गया है। 2 मिनट 54 सेकेंड के ट्रेलर में दिखाया गया है कि संजय दत्त एक प्रोफेसर की भूमिका में हैं। वह काफी सुलझे हुए और बातचीत में यकीन रखने वाले व्यक्ति हैं। वहीं दूसरी तरफ समीरा रेड्डी और नमाशी चक्रवर्ती हैं। इन दोनों का ताल्लुक लेफ्ट स है। नमाशी चक्रवर्ती संजय दत्त से देश के कई बड़े मुद्दों को लेकर सवाल पूछते हैं। ट्रेलर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी ऐतिहासिक घटनाओं पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। इसमें महात्मा गांधी की हत्या में आरएसएस की कथित संलिप्तता, बाबरी मस्जिद विध्वंस और इमरजेंसी जैसे संवेदनशील विषयों के बारे में सवाल पूछे गए हैं।



# अगली फिल्म बॉडी स्वैपिंग कॉमेडी पर आधारित

**मुंबई।** शाहिद कपूर जल्द ही एक नई और मजेदार फिल्म में नजर आने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन अमित शर्मा कर रहे हैं, जो बधाई हो और मैदान जैसी फिल्मों के लिए प्रसिद्ध हैं। शाहिद की आगामी फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी है, जो बॉडी स्वैपिंग पर आधारित होगी। यह एक साइंस-फिक्शन फिल्म है। इसकी कहानी इटली की एक पुरानी फिल्म 'हस्बैंड एंड वाइफ' से मिलती-जुलती है।इसमें एक पति-पत्नी तलाक की कगार पर हैं। एक वैज्ञानिक का प्रयोग गलत हो जाता है और दोनों का शरीर आपस में बदल जाता है। अब पति पत्नी के शरीर में और पत्नी पति के शरीर में रहकर एक-दूसरे की जिंदगी जीने को मजबूर हो जाते हैं। इस दौरान वे हंसी-मजाक के साथ एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझने लगते हैं। फिल्म में कॉमेडी और परिवार का ड्रामा सब कुछ होगा।

## टीवी मसाला



# गुल्लक के पांचवे सीजन का टीजर रिलीज, कास्ट में बड़ा बदलाव...

**नई दिल्ली।** टीवीएफ की पॉपुलर सीरीज 'गुल्लक' का चौथा सीजन साल 2024 में आया था, और तभी से दर्शक मिश्रा परिवार के दरवाजे फिर से खुलने और पांचवें सीजन के आने का इंतजार कर रहे थे। इंतजार खत्म हो गया है क्योंकि 'गुल्लक' के पांचवे सीजन का टीजर आ गया है। यह जल्द ही ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लीव पर स्ट्रीम किया जाएगा। हालांकि, इस बार कास्ट में बड़ा फेरबदल हुआ है, जो झटका देने वाला है। अन्नू मिश्रा के रोल में अब एक्टर अनंत वी जोशी नजर आएंगे। उन्होंने वैभव राज गुप्ता को रिप्लेस किया है। वैभव पिछले चार सीजन से 'गुल्लक' सीरीज का हिस्सा थे। अन्नू मिश्रा उर्फ अन्नू भैया के रोल में वैभव राज गुप्ता दर्शकों के दिलों में बस गए थे। अब वैभव की जगह 'गुल्लक सीजन 5' में अनंत वी जोशी की एंट्री हुई है, जो हाल ही 'मामला लीगल है' के दूसरे सीजन में नजर आए और खूब तारीफें बटोरीं। अनंत वी. जोशी कमाल के एक्टर हैं और कई सीरीज-फिल्में कर चुके हैं, पर फैंस का मानना है कि वह अन्नू मिश्रा के रोल में वैसे नहीं जम रहे, जैसे वैभव राज गुप्ता थे। 'गुल्लक' के पांचवे सीजन की कास्ट वही पुरानी वाली है। इसमें गीतांजलि कुलकर्णी, हर्ष मायर, जमील खान और सुनीता रजवार वापसी कर रही हैं। अब बात करते हैं 'गुल्लक सीजन 5' के टीजर की, तो इसमें दिखाया गया है कि मिश्रा परिवार के छोटे बेटे अमन मिश्रा पढ़ाई के बाद छुट्टियों में घर लौटते हैं, तो जैसे रौनक लौट आती है। मिश्रा परिवार अमन का स्वागत करता है। फिर नए अन्नू मिश्रा की एंट्री होती है, जो अनंत जोशी बने हैं।

## द वार्ड से होस्टिंग में डेब्यू करेंगी रुबीना

**नई दिल्ली।** मूविंग इमेज स्टूडियोज ने अपने नए नॉन-फिक्शन शो 'द वार्ड'की घोषणा कर दी है, जिसे रुबीना दिलैक होस्ट करेंगी। यह एक रियलिटी शो है, जो मां बनने की भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक सच्चाइयों को बहुत सही तरीके से दिखाएगा। इस शो में 10 गर्भवती महिलाएं 10 दिनों तक एक छत के नीचे रहेंगी। इस शो को मेटरनिटी वार्ड जैसी सेटिंग में फिल्माया गया है। यह शो, मां बनने की राह पर उनकी असली भावनाओं, विचारों और रिश्तों को ईमानदारी से दिखाएगा। ये महिलाएं अलग-अलग क्षेत्रों से आई हैं। वे धीरे-धीरे अपने निजी अनुभव साझा करेंगी, एक-दूसरे से जुड़ेंगी और बातें करेंगी। इन बातों में शामिल होंगे- समाज की उम्मीदें, लड़कियों के प्रति भेदभाव, करियर की चाहत, परिवार में बदलते रिश्ते और मां बनने की चुनौतियां।



# पर्सन ऑफ द ईयर का मिला अवॉर्ड

*हार्वर्ड साउथ एशियन एसोसिएशन ने सयानी गुप्ता को एक बड़े सम्मान से नवाजा है। एसोसिएशन ने उनकी काफी तारीफ की है। अभिनेत्री ने कई फिल्मों में बेहतरीन काम करके यह अवॉर्ड हासिल किया है। एक्ट्रेस सयानी गुप्ता को बड़ी उपलब्धि मिली है। उन्हें कहानी कहने के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए हार्वर्ड साउथ एशियन एसोसिएशन ने पर्सन ऑफ द ईयर अवॉर्ड से नवाजा है।*

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री का ग्लोबल लेवल पर सांस्कृतिक प्रभाव बढ़ा है। यह सम्मान अलग-अलग क्षेत्रों में साउथ एशियन लोगों की बड़ी उपलब्धियों के लिए दिया जाता है। यह सम्मान उन लोगों को पहचान देता है जिनके काम ने वैश्विक स्तर पर पहचान बनाई हो। इस सम्मान के जरिए, एसोसिएशन ने स्क्रीन पर सच्ची और सबको साथ लेकर चलने वाली कहानियों को लाने के लिए सराहा है। एसोसिएशन ने एक ऑफिशियल बयान जारी किया, जिसमें कहा गया, 'हम हर साल ऐसे किसी व्यक्ति को सम्मानित करते हैं, जिसके काम ने सार्वजनिक जीवन में साउथ एशियन पहचान को व्यक्त करने के तरीके को आकार दिया हो।' उनके काम की तारीफ करते हुए एसोसिएशन ने कहा, 'सयानी की एक्टिंग ने लगातार पुरानी सोच को चुनौती दी है। वह आज के दौर की कहानियों में गहराई, बेबाकी और सच्चाई लाई हैं। वह सबको साथ लेकर चलने वाली कहानियों को आकार देने में एक दमदार आवाज बन गई हैं।' बता दें कि सयानी ने अपनी एक्टिंग के दम पर अपने लिए एक मजबूत जगह बनाई है। वह गहराई और लीक से हटकर चुने गए किरदारों के लिए जानी जाती हैं। सयानी फोर मोर शॉट्स प्लीज!, एक्सोन, आर्टिकल 15, इनसाइड एज' और दिल्ली क्राइम जैसे प्रोजेक्ट्स में अपने काम के लिए काफी मशहूर हैं। एक्टिंग के अलावा, सयानी अब अपने कॅरियर में एक नए क्रिएटिव दौर की शुरुआत कर रही हैं। अब वह लेखक और निर्देशक की भूमिका निभाएंगी।



# जैकी द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो में नजर आएंगे, 29 को होगी रिलीज ...

**मुंबई।** जैकी श्रॉफ जल्द ही फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' में नजर आएंगे। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका निभा रहे हैं। शुक्रवार को जैकी श्रॉफ की फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' के निर्माताओं ने इसकी रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है। इस फिल्म में जैकी एक सुपरहीरो दादा की भूमिका में नजर आएंगे। आज निर्माताओं ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर किया है। इसी के साथ जानकारी दी है कि 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म इस साल 29 मई को रिलीज होगी। 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' फिल्म का निर्देशन मनीष सैनी ने किया है। इसमें प्रतीक, स्मिता पाटिल, भाग्यश्री दासानी, शरत सक्सेना, मिहिर गोडबोले और कई कलाकार भी हैं। एक महीने पहले फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो' का टीजर जारी किया गया था, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया। टीजर में दिखाया गया कि एक बच्चे की कल्पना कैसे दादा-पोते के रिश्ते को एलियंस के साथ रोमांचक एडवेंचर में बदल देती है। एएनआई के अनुसार, जैकी श्रॉफ ने कहा, 'इस फिल्म के जरिए हम हर बच्चे के सपने को पूरा कर रहे हैं। अगर आपका दिल हमेशा जवान रहे और 90 साल की उम्र में भी हिम्मत बनी रहे, तो यही आपको सुपरहीरो बनाता है। बच्चों के सपनों को हमेशा सबसे पहले जगह देनी चाहिए।'



## गायिकी में एक अलग तरह की ताजगी, चंचलता और गहराई देखने को मिली

# गीता ने बेसुध होकर भी रिकॉर्ड किया 'बाबूजी धीरे चलना' गाना

*नई दिल्ली। गीता दत्त की आवाज भारतीय सिनेमा की उन जादुई आवाजों में से एक थी, जिनकी गायिकी में एक अलग तरह की ताजगी, चंचलता और गहराई देखने को मिली। बाबूजी धीरे चलना, मेरा नाम चिन चिन चू, तदबीर से बिगड़ी हुई तकदीर बना ले, जाता कहां है दीवाने उनके कुछ सदाबहार गीत आज भी सुनकर होंठ अपने आप चलने लगते हैं। गीता दत्त की आवाज बिल्कुल अलग थी इस वजह से लता मंगेशकर (Lata Mangeshkar) उनकी बहुत बड़ी फैन थी। लता ने एक इंटरव्यू में बताया था कि वो और गीता सारी बातें शेयर करते थे।*



### रफी के साथ गाया था डूएट

आज का किस्सा है फिल्म 12 'ओ' क्लॉक की रिकॉर्डिंग का जिसका संगीत ओ पी नैय्यर ने दिया था। गीता दत्त को इस फिल्म में मोहम्मद रफी के साथ एक डूएट गाना था। गाने का नाम था 'बाबूजी धीरे चलना...'। रफी उस दिन खुद गीता दत्त को लेने उनके घर गए। लेकिन, गीता जब आईं तो वह बेहद नशे में थीं। गीता जब रिकॉर्डिंग स्टूडियो पहुंची तो किसी को यकीन नहीं हुआ कि वो गाना भी गा पाएंगी। लेकिन, उसके बाद जो हुआ वो आज तक इतिहास में दर्ज है। गीता ने अपनी आवाज में ऐसा सुर छेड़ा कि लोग देखते ही रह गए।



### पर्सनल लाइफ में बहुत कुछ झेल रही थीं

गीता दत्त एक ऐसी गायिका थीं जिन्होंने अपनी गायिकी से लाखों दिलों पर राज किया, लेकिन उनकी अपनी जिंदगी अंदर से बेहद बिखरी हुई थी। गीता दत्त ने गुरु दत्त से शादी की थी। शादी ठीकठाक ही चल रही थी कि जिंदगी में एंट्री हो गई वहीदा रहमान की। इस बारे में जब गुरु दत्त की पत्नी को पता चला तो वह बहुत गुस्सा हुईं। गीता ने तो ये तक कह दिया कि उन्हें वहीदा और उनके बीच से किसी एक को चुनना होगा। गुरु दत्त और वहीदा रहमान ने कई सारी फिल्मों में साथ काम किया था।

### क्यों करने लगी थीं नशा?

फिल्म चौदहवी का चांद, कागज के फूल जैसी फिल्मों में उनकी जोड़ी को खूब पसंद किया गया था। इस वजह से गीता दत्त, गुरु दत्त से और दूर होती चली गईं और शराब के नशे में डूबी रहती थीं। उन मुश्किल दिनों में उनका प्रोफेशनल जीवन भी प्रभावित होने लगा था। 20 जुलाई 1972 को, महज 41 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया। उनकी मृत्यु का मुख्य कारण लीवर सिरोसिस था, जो अत्यधिक शराब के सेवन के कारण हुआ था।

## खबर संक्षेप

### सड़क निर्माण को मिली स्वीकृति : कैबिनेट मंत्री

**बरवाला।** शहर की बहुप्रतीक्षित मोती वाली गली से मंडी तक सड़क निर्माण को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस सड़क के निर्माण से बरवाला शहर सहित आसपास के अनेक गांवों के नागरिकों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने बताया कि सड़क निर्माण से क्षेत्र की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ होगी तथा आमजन को लाभ मिलेगा।

### यूनियन की आम सभा का आयोजन

**हिसार।** सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की बीएंडआर ब्रांच की आम सभा की बैठक शुक्रवार को ब्रांच प्रधान रमेश शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन ब्रांच सचिव संदीप लाडवा ने किया। बैठक में कर्मचारियों के विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में जिला सचिव दीपक मेहरा, जिला ऑडिटर सतीश दनौदा, अजय कुमार, सुरजीत, रमेश फौजी, रणबीर, सोनिया, जय सिंह व राजेंद्र सहित काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

### गुम 18 मोबाइल असल मालिकों के हवाले किए

**हिसार।** जिले की साइबर सुरक्षा शाखा ने मोबाइल गुम होने की शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए मई माह में अब तक 18 शिकायतों का निपटारा कर गुम हुए 14 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने अपने कार्यालय में गुमशुदा मोबाइल फोन के असल मालिकों को बुलाकर उन्हें मोबाईल फोन सौंपे।

### अवैध शराब कारोबार पर कार्रवाई, दो युवक काबू

**नारनौंद।** पुलिस चौकी बस अड्डा हांसी एवं पुलिस चौकी खेड़ी चौपटा की टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध शराब सहित दो युवकों को काबू किया है। पुलिस चौकी बस अड्डा हांसी ने राकेश कुमार की राम सिंह कॉलोनी में चाय की दुकान पर 11 बोतल देशी शराब के साथ उसे काबू कर लिया। पुलिस चौकी खेड़ी चौपटा ने हैबतपुर में कार्रवाई करते हुए वजीर सिंह को चार लीटर अवैध कच्ची शराब सहित गिरफ्तार किया।

### अवैध पिस्तोल और 6 कारतूस संग एक काबू

**हांसी।** सीआईए-2 हांसी टीम ने एक युवक को अवैध पिस्तोल व 6 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान राजस्थान जयपुर की कृष्णापुरी कालोनी निवासी प्रिंस खारड़िया के रूप में हुई है। एसआई विनोद कुमार ने बताया कि सीआईए-2 टीम गश्त व अपराध जांच के दौरान सूचना मिली थी तोशाम चुंगी के पास एक युवक नाजायज हथियार लेकर खड़ा है। सूचना के आधार उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आज

**हिसार।** भाविप हरियाणा भारत विकास फाउंडेशन दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में 9 मई को स्वर्गीय अर्जुनदास रल्हन की स्मृति में निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया जाएगा। दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के अध्यक्ष डॉ. रोशनलाल गोयल ने बताया कि स्व. अर्जुनदास रल्हन के पुत्र ओमप्रकाश रल्हन के सहयोग से आंखों के सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन का शिविर लगाया जाएगा।

### हकृवि में फर्टिलाइजर ओरिएंटेशन कार्यक्रम

**हिसार।** हरियाणा कृषि विवि एवं फर्टिलाइजर एसोसिएशन ऑफ इंडिया एफएआई-नॉर्थ रीजन की ओर से संयुक्त रूप से कृषि कॉलेज में स्नातक व स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए फर्टिलाइजर ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. रमेश कुमार गोयल मुख्य अतिथि रहे।

### दिव्यांगों को बांटे गए सहायक उपकरण

**हिसार।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी में विश्व रेडक्रॉस दिवस पर मानव सेवा और सामाजिक सरोकारों को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र, बैसाखियां एवं अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए। साथ ही टीआई प्रोजेक्ट के लाभार्थियों को आवश्यक किट दी गई।

## विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

# शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल स्कूल में मातृत्व दिवस मनाया

*बच्चों ने कविता, गायन, कोलाज मेकिंग स्पर्धाओं में उत्साह के साथ लिया हिस्सा*



सिवानी मंडी। प्रतियोगिता में हिस्सा लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवानी मंडी

खंड के गांव गैंडावास के शहीद भगत सिंह इंटरनेशनल स्कूल में मदर्स डे के उपलक्ष में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक बढ़ चढ़कर भाग लिया। विद्यालय निदेशक सुरेश गेट ने सभी विद्यार्थियों को मातृत्व दिवस की सभी को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर कक्षा तीसरी से पांचवी की कविता व गायन प्रतियोगिता में पूर्वा और ख्याति कक्षा पांचवीं आर्मी ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। ईशु कक्षा तीसरी नेवी ने द्वितीय स्थान और सिद्धार्थ कक्षा चौथी नेवीं ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में छठी मयंक ने हासिल किया प्रथम स्थान**

कक्षा छठी से आठवीं के कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता में सबसे सुंदर ड्राइंग बनाते हुए मयंक कक्षा छठी ने प्रथम स्थान, पीयूष कक्षा सातवीं ने द्वितीय स्थान और निधि कक्षा आठवीं और स्नेहा कक्षा सातवीं ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं नौवीं से ग्यारहवीं कक्षा के कोलाज मेकिंग प्रतियोगिता में सबसे सुंदर कोलाज बनाते हुए साक्षी कक्षा दसवीं ने प्रथम स्थान संध्या कक्षा दसवीं ने द्वितीय स्थान और कार्तिक कक्षा दसवीं और वर्षा कक्षा नौवीं ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### मातृ दिवस पर शैक्षिक गतिविधियां हुईं

**नारनौंद।** सृष्टि इंटरनेशनल स्पोर्ट्स स्कूल मोठ में मातृ दिवस बड़े उत्साह, प्रेम एवं जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में विभिन्न शैक्षिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें कक्षा 11वीं ओर 12वीं के छात्रों के लिए माता पर भाषण प्रतियोगिता हुई। कक्षा 9वीं एवं दसवीं के लिए पोस्टर निर्माण, कक्षा सात और आठवीं में क्राउन निर्माण गतिविधि तथा कक्षा चौथी से छटी हिंदी लेखन प्रतियोगिता, कार्ड निर्माण गतिविधि का आयोजन किया गया।



हांसी। मदर्स डे पर प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### संत ज्योति राव फूले पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया मातृ दिवस

**हांसी।** हनुमान कालोनी स्थित संत ज्योति राव फूले पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को मातृ दिवस बड़े उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सब का मन मोह लिया। बच्चों ने गीत, नृत्य एवं भावपूर्ण प्रस्तुतियों के माध्यम से मां के प्रति अपने प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता को व्यक्त किया। विद्यालय परिसर को मदर्स डे थीम के अनुसार आकर्षक सजावट से सजाया गया था। विद्यार्थियों ने सुंदर संदेशों एवं कलात्मक गतिविधियों के माध्यम से मां के महत्व को दर्शाया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर अनिल कुमार ने अपने संदेश में कहा कि मां हमारे जीवन की प्रथम गुरु होती हैं और उनके त्याग एवं स्नेह का कोई मूल्य नहीं लगाया जा सकता। विद्यालय के प्रिंसिपल सुनील अरोड़ा जी ने बच्चों को माता-पिता के सम्मान एवं संस्कारों का महत्व समझाया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की कोऑर्डिनेटर शिवानी द्वारा किया गया।



हांसी। मदर्स डे पर विद्यार्थियों को संबोधित करते विद्यालय के चेयरमैन आनंद यादव। साथ हैं स्कूल प्राचार्य नीतीश मिश्र। फोटो : हरिभूमि

## आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस में हर्षोल्लास से मनाया मदर्स डे

- स्कूल चेयरमैन ने दिलाया मां का कभी दिल न दुखाने का प्रण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर में मदर्स डे हर्षोल्लास एवं भावपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन आनंद यादव ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मदर्स डे के उपलक्ष्य में सुंदर कविताएं एवं प्रेरणादायक भाषण प्रस्तुत किए। साथ ही मां के सम्मान में मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सब का मन मोह लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रिंसिपल नीतीश मिश्र ने कहा कि बच्चों को अपनी मां को खुश रखने के लिए मन लगाकर पढ़ाई करनी चाहिए तथा जीवन में एक अच्छा मुकाम हासिल करना चाहिए।

**मां बिना सब सूना**

इस अवसर पर विद्यालय चेयरमैन आनंद यादव ने कहा कि मां के बिना घर सूना लगता है और जिस घर में मां होती है, वही घर स्वर्ग के समान होता है। उन्होंने बच्चों को प्रतिज्ञा दिलाई कि वे कभी अपनी मां का दिल नहीं दुखाएंगे तथा उनके सपनों को पूरा करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर निदेशक साहिल यादव, वाइस प्रिंसिपल गीता यादव, प्रोमिला यादव, मंजू लता व सृष्टि यादव सहित विद्यालय स्टाफ विद्यार्थी उपस्थित थे।



हिसार। मदर्स डे पर प्रस्तुति देते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

### मदर्स डे पर विज्डम स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों की माताओं का सम्मान

**हिसार।** साउथ बाइपास स्थित विज्डम स्कूल में मदर्स डे के अवसर पर एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पिछले चार सत्रों से कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों की माताओं को विद्यालय में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा माताओं को स्मृति-चिह्न भेंट कर उनके त्याग, समर्पण और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य नीलम पिलानिया ने कहा कि किसी भी विद्यार्थी की सफलता के पीछे माता का अथक परिश्रम, संस्कार और प्रेरणा होती है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम एवं सम्मान व्यक्त करते हुए सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। विद्यालय परिसर भावुक एवं उत्साहपूर्ण वातावरण से भर उठा।



### जैन स्कूल में मदर्स-डे पर आमंत्रित की गईं विद्यार्थियों की माताएं

**हिसार।** जैन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मदर्स-डे बड़े उत्साह, खुशी और भावात्मक माहौल के साथ मनाया गया। स्कूल की प्रबंधन कमेटी के सदस्य भी कार्यक्रम में उपस्थित हुए। इस विशेष अवसर पर विद्यालय द्वारा सभी माताओं को आमंत्रित किया गया ताकि वे अपने बच्चों के साथ इस यादगार दिन का आनंद ले सकें तथा सभी अध्यापिकाओं द्वारा माताओं का स्वागत किया गया। विद्यार्थियों ने अपनी माताओं के प्रति प्रेम सम्मान और अपने भाव व्यक्त करते हुए दिल को छू देने वाली अनेक सुंदर प्रस्तुतियां दी। माताओं ने भी कार्यक्रम में नृत्य एवं विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर कार्यक्रम को और अधिक मनोरंजक बना दिया। स्कूल प्रधानाचार्या ने मां के महत्व के बारे में बताया कि मां का प्यार जीवन का सबसे बड़ा आशीर्वाद होता है और हमें हमेशा अपनी मां का सम्मान करना चाहिए।

## मां जीवन की पहली गुरु : रेणु

- विभिन्न प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मदर्स डे की पूर्व संध्या पर प्रातः कालीन सभा में एक भावपूर्ण एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में मातृ प्रेम, सम्मान एवं संस्कारों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। इस अवसर पर छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के स्लोगन राइटिंग तथा नौवीं से 12वीं कक्षा तक के बच्चों के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने अपनी मां के प्रति प्रेम उजागर किए। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विद्यालय प्राचार्या रेणु बंसल ने कहा कि हमारे जीवन की मां प्रथम गुरु होती है, जिनके त्याग, स्नेह और मार्गदर्शन से हमारा जीवन सफल बनता है। उन्होंने बताया कि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में तपस्या प्रथम, खुशबू व रश्मि द्वितीय तथा भावना रिद्धिमा तृतीया स्थान पर रही। वहीं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में राधिका प्रथम, साक्षी द्वितीय तथा प्रिया तृतीया स्थान पर रही। विजेता छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक रजत कुमार अग्रवाल ने मदर्स डे के अवसर पर सभी बच्चों को तथा समस्त विद्यालय स्टाफ को शुभकामनाएं दी।



हांसी। पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से अपनी मां के प्रति अपनी भावनाएं व्यक्त करतीं छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

# तृतीय वर्ष की टीम ने जीता खिताब

- लुवास में अंतरवर्गीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन
- खेलों की विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में अंतरवर्गीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न वर्गों के छात्र एवं छात्राओं की टीमों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने खेल भावना, अनुशासन, समर्पण एवं टीम भावना का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे टूर्नामेंट के दौरान विद्यार्थियों एवं खेल प्रेमियों में भारी उत्साह देखने को मिला। छात्र वर्ग में तृतीय वर्ष की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। फाइनल मुकाबले में टीम के खिलाड़ियों ने बेहतरीन तालमेल एवं उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया। वहीं टीचिंग टीम ने भी कड़ा मुकाबला करते हुए उपविजेता स्थान प्राप्त किया। मैच के दौरान दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल का भरपूर आनंद लिया। छात्रा वर्ग में कुल पांच टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष की टीम 'ए' ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया।



हिसार। प्रतियोगिता की विजेता टीम ट्राफी के साथ। फोटो : हरिभूमि

### मां की तेरहवीं पर अमरूद के 301 पौधे बांटे



**हिसार।** आज के दौर में जहां लोग सामाजिक आयोजनों में दिखावे और फिजूल खर्ची पर लाखों रुपये खर्च कर देते हैं, वहीं हिसार जमीन रिकॉर्ड रूम के इंचार्ज एवं पर्यावरण प्रेमी सुरेन्द्र सेलपाड़ ने अपनी माता स्वर्गीय अंगूरी देवी, धर्मपत्नी धर्मसिंह बनभोरी की तेहरवीं को समाज के लिए प्रेरणादायक बना दिया। उन्होंने गांव सातरोड आयोजित बेहद सादे समारोह में तेहरवीं में पहुंचे रिश्तेदारों, मित्रों एवं मेहमानों को श्रद्धांजलि स्वरूप 301 अमरूद के पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का अनूठा संदेश दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने सुरेन्द्र सेलपाड़ की इस पहल की जमकर सराहना की। लोगों का कहना था कि इस प्रकार के कार्य समाज में नई सोच पैदा करते हैं और आने वाली पीढ़ियों को प्रकृति से जोड़ने का कार्य करते हैं।

## न्यूज डायरी

### ठगी के शिकार दो लोगों के 10 लाख वापस मिले

**हिसार।** जिला पुलिस ने साइबर ठगी के दो अलग-अलग मामलों में पीड़ितों के 10 लाख से अधिक रुपये वापिस दिलवाएं हैं। पैसे वापिस मिलने पर प्रसन्नता जताते हुए पीड़ितों ने पुलिस का आभार जताया है। पहले मामले में साइबर क्राइम थाना प्रभारी सतेंद्र सिंह के नेतृत्व में पीएसआई सौरव बंसल ने ऑनलाइन धोखाधड़ी के खिलाफ बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए ठगी के शिकार हुए एक व्यक्ति की पूरी राशि वापस दिलाने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते पीड़ित को उसके 9 लाख 80 हजार रुपये वापस मिल गए।

### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित

**हांसी।** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसाइटी हांसी द्वारा मानव सेवा, करुणा एवं सामाजिक समर्पण का प्रेरणादायक संदेश देते हुए आश्रम हांसी में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान रेडक्रॉस आंदोलन के संस्थापक हेनरी डोनेट का जन्मदिन केक काटकर श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। उपस्थित लोगों ने उनके मानव सेवा, त्याग एवं परोपकार के आदर्शों को याद करते हुए समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला रेड क्रॉस कार्यालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

### रेडक्रॉस मानवता की सेवा का वैश्विक अभियान

**हिसार।** लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय लुवास में विश्व रेड क्रॉस दिवस सामाजिक सेवा, मानवता एवं जनकल्याण की भावना के साथ बड़े उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन छात्र कल्याण निदेशक डॉ. संदीप गुप्ता के संरक्षण में किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों को रेड क्रॉस के मूल सिद्धांतों, मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वैच्छिक सेवा, एकता एवं सार्वभौमिकता के महत्व से अवगत करवाया गया। छात्र कल्याण निदेशक डॉ. संदीप गुप्ता ने कहा कि रेड क्रॉस केवल एक संस्था नहीं बल्कि मानवता की सेवा का वैश्विक अभियान है।

### हकृवि में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया

**हिसार।** हरियाणा कृषि विवि की यूथ रेड क्रॉस इकाई की ओर से विश्वविद्यालय परिसर में विश्व रेड क्रॉस एवं रेड क्रिसेंट दिवस मनाया गया। यह दिवस विश्व भर में हेनरी ड्यूनांट की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है, जिन्होंने अपना जीवन मानव सेवा को समर्पित किया तथा वर्ष 1901 में उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र कल्याण निदेशक डॉ. मदन खीचड. मुख्य अतिथि जबकि जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सेवानिवृत सचिव सुरेंद्र श्योराण विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि डॉ. खीचड़ ने कहा कि रेड क्रॉस द्वारा प्रतिपादित मानवता, निष्पक्षता, तटस्थता, स्वैच्छिक सेवा एवं एकता जैसे सिद्धांत आज के समय में अत्यंत प्रासंगिक हैं।

### जगत कल्याण को तपस्या कर रहे महाराज धर्मनाथ

**हिसार।** धुनाधारी सेवा समिति के तत्वाधान में जगत कल्याण के लिए मिर्जापुर रोड स्थित कृष्णा ज्योति कॉलोनी में 41 दिनों की 5 धूनों की तपस्या प्रेम नाथ महाराज के शिष्य महाराज धर्मनाथ कौशल द्वारा की जा रही है। 41 दिनों तक चलने वाली इस अग्नि साधना का समापन भव्य धार्मिक अनुष्ठान और भंडारे के साथ होगा। मिर्जापुर रोड़ स्थित दर्शन एकेडमी के सामने देव माता मंदिर में 28 अप्रैल से महाराज धर्मनाथ कौशल तपस्या कर रहे हैं जोकि 7 जून को संपूर्ण होगी। 6 जून की रात्रि को गुरु गोरखनाथ का विशाल सत्संग व संकीर्तन किया जाएगा। 7 जून को तपस्या की पूर्णता रक विशाल यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## निर्माण कार्यों में निर्धारित मापदंड व गुणवत्ता बनाए रखने के दिए सख्त निर्देश

# कुलपति प्रो. बिश्नोई ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

- नए विद्यार्थियों के प्रवेश से पहले पूरे करवाए जाएं निर्माण कार्य : प्रो. नरसी राम

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने विश्वविद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों में निर्धारित मापदंड व गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सख्त निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य समय से पूरे होने चाहिएं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में नए शैक्षणिक सत्र के लिए दाखिला प्रक्रिया आरंभ हो चुकी है। ऐसे में नए विद्यार्थियों के प्रवेश से पूर्व आवश्यक आधारभूत ढांचा तैयार होना आवश्यक है। ऐसा तभी संभव हो पाएगा जब निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाएगी। उन्होंने इस दौरान निर्माण कार्यों से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। कार्यकारी अभियंता इंजीनियर सुनील ग्रोवर, कार्यकारी अभियंता रघुबीर सिंह सुंडा, उपमंडल अधिकारी इंजीनियर संदीप ग्रेवाल व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



हिसार। निर्माण कार्यों के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई। फोटो : हरिभूमि

### तीन साल में दोगुनी हुई विद्यार्थियों की संख्या

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने विश्वविद्यालय के गुरु जम्भेश्वर जी महाराज धार्मिक अध्ययन संस्थान, विश्वविद्यालय स्वास्थ्य केंद्र तथा हरियाणा स्कूल ऑफ बिजनेस में निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय में नए उपयोगी व रोजगारपरक कोर्स आरंभ किए हैं। इन कोर्सों के प्रति विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह है। पिछले तीन साल में विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की संख्या भी लगभग दो गुणा हो चुकी है। ऐसे में उच्च स्तरीय आधारभूत ढांचा तैयार करना तथा विद्यार्थियों के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध करवाना विश्वविद्यालय प्रशासन की जिम्मेदारी है। इसी दिशा में विश्वविद्यालय में नए भवनों, प्रयोगशालाओं, छात्रावासों तथा अन्य जरूरत की इमारतों का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद विद्यार्थियों के लिए विश्वविद्यालय में सुविधाएं और अधिक बढ़ जाएंगी।

खबर संक्षेप

## डॉ. सवीता ने गुरुकुल की छात्राओं को किया जागरूक

**हिसार।** मेरा युवा भारत केन्द्र हिसार एवं आजाद हिन्द युवा क्लब गांव किरतान के सहयोग से कन्या गुरुकुल डोभी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीएचसी डोभी से नर्सिंग आफिसर डॉ. सवीता नर्सिंग ने कैंसर रोग से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिला को सर्वाइकल कैंसर, बच्चेदानी कैंसर और अन्य प्रकार के कैंसर से बचाने के लिए टीका लगाया जाता है जो वायरस से सुरक्षा प्रदान है और 90 प्रतिशत से अधिक मामलों में प्रभावी है। उन्होंने बताया कि अन्य कैंसर से सुरक्षा 14 साल की लड़कियों के लिए सबसे अधिक प्रभावी होती है।

## पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन

**आदमपुर।** मदर्स डे के उपलक्ष्य में शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को विद्यार्थियों के लिए पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने मातृत्व की महत्ता, मां के त्याग, प्रेम एवं स्नेह को अत्यंत सुंदर पोस्टरों और प्रभावशाली स्लोगनों के माध्यम से प्रस्तुत किया। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए रंग-बिरंगे पोस्टरों एवं प्रेरणादायक नारों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के चेयरमैन पपेंद्र ज्याणी, डायरेक्टर अनिरुद्ध बिश्नोई तथा प्रिंसिपल राजेन्द्र ने विद्यार्थियों की प्रतिभा एवं रचनात्मकता की सराहना की।

## सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए कराया टीकाकरण

**आदमपुर।** मदर्स प्राइड कान्वेंट स्कूल मंडी आदमपुर की छात्राओं का नागरिक अस्पताल में टीकाकरण किया गया। महिलाओं में बढ़ते सर्वाइकल कैंसर के खतरों को देखते हुए प्रदेश सरकार और स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष टीकाकरण अभियान के अंतर्गत छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अभियान के तहत विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मान्यता प्राप्त (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन का टीकाकरण किया गया।

## गुरु दक्ष आईटीआई में रोजगार मेले का आयोजन

**हिसार।** आर्यनगर स्थित गुरु दक्ष आई टी आई में शुक्रवार को आयोजित रोजगार मेले में विश्व की सर्वश्रेष्ठ दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी में रोजगार प्राप्त करने के लिए हरियाणा व निकटवर्ती राज्यों के बेरोजगार युवाओं नें हिस्सा लिया। इसमें 27 युवाओं को चयन किया गया। इस अवसर पर संस्थान शिक्षण समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंहमार ने हीरो मोटोकॉर्प कंपनी से चयन प्रक्रिया में शामिल प्रतिनिधि ज्योत्स्ना पाण्डेय का आभार प्रकट किया व कंपनी प्रतिनिधि ने संस्थान के वर्तमान सत्र से पासआउट होने वाले सभी इच्छुक छात्रों का तत्काल चयन करने के लिए संस्थान पदाधिकारियों को आश्वस्त किया। संस्थान प्राचार्य ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि भविष्य में भी रोजगार के लिए सुअवसर प्रदान करने के लिए हीरो मोटोकॉर्प कंपनी के साथ समझौता ज्ञापन स्थापित करने का मार्ग प्रशस्त किया गया है।

### पार्षदों के बहिष्कार के चलते बिना कार्य स्थगित हुई नगर परिषद बैठक

# नगर परिषद मीटिंग में अध्यक्ष व अधिकारी करते रहे इंतजार

नगर परिषद के 27 में से केवल 5 पार्षद ही मीटिंग में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

लंबे अरसे के बाद शुक्रवार को नगर परिषद में हाउस मीटिंग का आयोजन किया गया लेकिन 22 पार्षदों द्वारा मीटिंग से दूर रहने के चलते बिना किसी कार्रवाई के मीटिंग को स्थगित करना पड़ा। नगर परिषद के 27 में से केवल 5 पार्षद ही मीटिंग में पहुंचे, जबकि 22 पार्षद मीटिंग से गैरहाजिर रहे। कोरम पूरा नहीं होने के चलते मीटिंग को आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया गया।

बैठक में नगर परिषद अध्यक्ष प्रवीण इलाहाबादी व कार्यकारी अधिकारी राजेंद्र सोनी और अधिकारियों को लंबे समय तक पार्षदों का इंतजार करते रहे लेकिन इंतजार के बाद भी जब पार्षद मीटिंग में नहीं पहुंचे तो नप अधिकारियों को बैठक को रद्द करना पड़ा।

वहीं नप हाउस की बैठक से पहले सफाई कर्मियों की हड़ताल के कारण नगर परिषद की नई बिल्डिंग के मुख्य गेट पर ताला लगा दिया गया था। सुबह 10 बजे निर्धारित समय पर अध्यक्ष और अधिकारी जब मीटिंग के लिए नप की नई बिल्डिंग में पहुंचे, तो उन्हें काफी देर तक बाहर इंतजार करना पड़ा लेकिन अधिकारियों के अनुरोध पर सफाई कर्मचारियों ने करीब 11:30 बजे नगर परिषद के गेट पर लगाया गया ताला खोला।



हांसी। बैठक में पार्षदों के आने का इंतजार करते नप अध्यक्ष प्रवीण इलावादी व ईओ राजेंद्र सोनी व अन्य अधिकारी फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

बैठक में वार्ड नंबर 2 से हरिराम सैनी, 15 से पार्षद डॉ राहुल, 18 वार्ड से मोना चौधरी, 21 सुनीता टूटेजा व वार्ड 22 से पार्षद पुनम इलावादी के साथ मनोनीत पार्षद अशोक ढालिया व रमेश मदान उपस्थित थे। और शेष 22 पार्षदों ने बैठक से दूरी बनाए रखी।

1 नप अधिकारियों को बैठक रद्द करनी पड़ी

2 हड़ताल के कारण नप की नई बिल्डिंग के गेट पर ताला

### बैठक को आगामी निर्णय तक रद्द कर दिया

मीटिंग के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष प्रवीण इलावादी ने कहा कि बैठक के लिए करीब एक सप्ताह पहले ही सभी पार्षदों को पत्र जारी कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि यदि किसी पार्षद को मीटिंग या परिषद की कार्य प्रणाली को लेकर कोई आपत्ति या समस्या थी, तो उन्हें बैठक में आकर अपनी बात रखनी चाहिए थी। उन्होंने कहा कि कोरम पूरा नहीं होने के चलते बैठक को आगामी निर्णय तक रद्द कर दिया गया है।

### 22 पार्षदों ने किया बैठक का बहिष्कार

इस अवसर पर वार्ड नंबर 3 के पार्षद सुनील मंत्री ने बैठक का बहिष्कार करते हुए नगर परिषद प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि परिषद में गलत एजेंडे पेश किए जा रहे हैं और बिना उचित जानकारी के बजट बैठक बुलाई जाती है। इसी विरोध के कारण अधिकांश पार्षद बैठक में शामिल नहीं हुए।

### परिषद ने 2600 बेंच खरीदे, जबकि प्रत्येक वार्ड को सिर्फ 22 मिले

पार्षद सुनील उर्फ मंत्री ने बताया कि पिछले चार वर्षों में केवल चार साधारण बैठकें हुई हैं, जबकि नियमानुसार हर महीने एक साधारण बैठक और हर वर्ष बजट बैठक होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर परिषद ने 2600 पत्थर की बेंच खरीदने का फैसला किया है, लेकिन प्रत्येक वार्ड में केवल 22-22 बेंच भेजे जा रहे हैं, जिसे उन्होंने अनुचित बताया।

## श्री जगन्नाथ भगवान मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



श्री श्याम मित्र मंडल, श्री श्याम भवन ट्रस्ट एवं श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट, हांसी के तत्वावधान में 10 मई, रविवार को श्री श्याम मंदिर, में श्री जगन्नाथ भगवान मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्री जगन्नाथ भगवान, बलभद्र व सुभद्रा जी की मूर्तियों की विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। मूर्ति स्थापना के बाद भगवान श्री जगन्नाथ जी को छप्पन भोग और महाप्रसाद का भोग लगाया जाएगा। पंजाबी बाग, दिल्ली स्थित इस्कॉन मंदिर के कमांडर विष्णु वाहन प्रभु और श्री श्याम मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित भागीरथ शास्त्री के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ मूर्ति स्थापना की जाएगी।

समारोह में समाजसेवी विनय जैन एवं गौरव जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री श्याम मित्र मंडल, श्री श्याम भवन ट्रस्ट के प्रधान जगदीश राय मित्तल सहित मंदिर ट्रस्ट के सदस्य सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटे हुए हैं। प्रधान जगदीश मित्तल ने शहरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धार्मिक आयोजन में भाग लेने तथा प्रभु श्री जगन्नाथ जी का आशीर्वाद प्राप्त करने की अपील की है।

## पत्रकारिता की डिग्री के लिए नारनौंद कॉलेज को मिली सीटें

**नारनौंद।** राजकीय महाविद्यालय नारनौंद को उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा द्वारा शैक्षणिक स्तर 2026-27 से 4 नए महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम शुरू करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन पाठ्यक्रमों में एम.ए इतिहास, बैचलर आफ आर्ट्स इन मास कम्युनिकेशन, बीए विद मेजर इन इंग्लिश, बीए विद मेजर इन ज्योग्राफी शामिल है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ पंकज गोयत ने बताया कि इन नए कोर्सों के शुरू होने से नारनौंद व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को अपने घर के पास ही इतिहास, मीडिया, अंग्रेजी साहित्य एवं भूगोल जैसे रोजगारोनमुख मुख्य विषयों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। विशेषकर मास कम्युनिकेशन जैसे आधुनिक विषय शुरू होने से विद्यार्थी पत्रकारिता डिजिटल मीडिया और जनसंचार के क्षेत्र में अपना करियर बना सकेंगे । प्राचार्य ने उच्चतर शिक्षा विभाग एवं प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त किया है।

## बलिदानी कमल कंबोज की याद में लोहारी राघो में हुई पहली दौड़ प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद



गांव लोहारी राघो में बलिदानी कमल कंबोज की याद में पहली दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन गांव के सरकारी स्कूल में किया गया। सभी विजेता खिलाड़ियों को सुभाष चंद्रा फाउंडेशन की तरफ से पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के आयोजक साधु कोच ने बताया कि बलिदानी कमल कंबोज की याद में यह प्रतियोगिता करवाई गई है जिसमें आसपास के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। रिले रेस में गांव लोहारी राघो ने पहला, पाबड़ा ने दूसरा और गांव मसूदपुर में तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंदर 12 वर्षीय लड़कों की 400 मीटर दौड़ में संजय लोहारी राघो ने पहला, नया गांव से चेतन ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 400 अंडर 12 वर्षीय लड़कियों में वंशिका लोहारी राघो ने पहला, पारुल थुराना ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

बुजुर्गों की दौड़ में सतपाल बधावड़ ने पहला, सतबीर ने दूसरा, सेवा राम लोहारी राघो ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। दो सौ मीटर महिला मटका दौड़ में सुनीता प्रथम, गीता ने दूसरा और पिंकी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। 800 मीटर लड़कियों में मसूदपुर की गुनगुन ने पहला, लोहारी राघो की काफी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 16 सो मीटर दौड़ में हांसी के नसीब ने पहला, रमन ने दूसरा और अमरजीत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

## लापरवाही बरतने वाले छह प्रगणकों को नोटिस

■ नोडल अधिकारी ने दिए जनगणना कार्य में तेजी लाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जनगणना कार्य को लेकर नगर निगम के मुख्य सभागार में अतिरिक्त निगम आयुक्त एवं नोडल अधिकारी वीरेंद्र सहारण की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में चार्ज अधिकारी सचिव संजय शर्मा सहित नगर निगम के कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान जिले में जनगणना कार्य कर रहे करीब 100 सुपरवाइजरों ने भाग लिया। बैठक में जनगणना कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई और सभी सुपरवाइजरों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। वीरेंद्र सहारण ने कहा कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि कुछ सुपरवाइजर जनगणना का सामान प्राप्त करने के बावजूद अब तक फील्ड में कार्य शुरू नहीं कर पाए हैं। ऐसे कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि तय समय सीमा के भीतर जनगणना प्रक्रिया पूरी की जा सके।



हिसार। जनगणना को लेकर दिशानिर्देश देते अतिरिक्त निगम आयुक्त एवं नोडल अधिकारी वीरेंद्र सहारण फोटो : हरिभूमि

उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि छह प्रगणक ऐसे हैं जिन्होंने अभी तक जनगणना से संबंधित सामग्री भी प्राप्त नहीं की है। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दिए गए हैं। सभी प्रगणकों को सोमवार तक नोटिस का जवाब देने के निर्देश दिए गए हैं। यदि निर्धारित समय तक संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया तो उनके खिलाफ कार्य में लापरवाही बरतने के आरोप में विभागीय कार्रवाई अथवा एफआईआर करवाई जाएगी।

जनगणना चार्ज अधिकारी सचिव संजय शर्मा बताया कि जनगणना कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी, जिला मौलिक अधिकारी और डीपीसी की ओर से संबंधित विभागों को पत्र लिखे गए हैं। इन पत्रों के माध्यम से अध्यापकों को जनगणना कार्य के दौरान आवश्यक छूट और सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया गया है।

## मृदा प्रबंधन एवं संतुलित उर्वरक उपयोग पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**हिसार।** मेरा गांव मेरा गौरव कार्यक्रम के अंतर्गत गांव न्योली कलां में मृदा प्रबंधन एवं संतुलित उर्वरक उपयोग विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों की टीम में शामिल डॉ. अभिजीत डे, डॉ. धर्मेंद्र कुमार, डॉ. जेरोम तथा डॉ. राजेश कुमार ने जागरूक किया। वैज्ञानिकों ने किसानों को रासायनिक खादों के संतुलित एवं कम उपयोग के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से मिट्टी की गुणवत्ता, पशुओं तथा मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने किसानों को समझाया कि सीमित मात्रा में रासायनिक यूरिया का प्रयोग करके भी अच्छी पैदावार प्राप्त की जा सकती है तथा अनावश्यक उर्वरकों पर होने वाले अतिरिक्त खर्च को बचाया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान वैज्ञानिकों ने खेतों की मिट्टी की समय-समय पर जांच करवाने के महत्व पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम में किसानों ने विभिन्न विषयों पर वैज्ञानिकों से प्रश्न पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। इस मौके पर गांव के सरपंच दिलबाग, डॉ. रिशिपाल यादव, बुधराम समेत अनेक ग्रामीण मौजूद थे।

## राज्य स्तरीय चेस प्रतियोगिता के लिए हिसार टीम की घोषणा

**हिसार।** बहादुरगढ़ में आयोजित होने वाली 30वीं हरियाणा राज्य स्तरीय आयु वर्ग 9 व 15 साल की शतरंज प्रतियोगिता के लिए हिसार की 24 सदस्य टीम की घोषणा की गई। इस प्रतियोगिता में हिसार के दोनों ही आयु वर्ग में लड़को व लड़कियों की टीम में भाग ले रही है। हिसार शतरंज एसोसिएशन के पदाधिकारी एडवोकेट नीरज वर्मा ने बताया कि हिसार शतरंज टीम के लड़कियों के आयु वर्ग 9 में अनन्या जांगड़ा, अनन्या, सोनाक्षी, व आराध्य तथा आयु वर्ग 15 में रूहानी डाटा, भुवी वर्मा, यशस्वी, जयशा अग्रवाल व नवप्रीत को शामिल किया गया है। लड़कों के आयु वर्ग 9 में दक्ष गेरा, रूहान डाटा, योहान खंडेलवाल, व रुद्र प्रताप तथा आयु वर्ग 15 में गीतांश मेहता, हर्षवर्धन, ध्रुवांश मेहता, कार्तिक गिल, देवांश गहलान, आरुष विद्रंस, अद्विक विद्रंस, लक्ष्य मक्कड़, अथर्व मारुति बंसल, कुमार विश्वास व नवदय वर्मा शामिल है।

## हांसी-दिल्ली हाईवे पर पलटा ट्रक, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हांसी-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार अल सुबह हुए एक सड़क हादसे में गाड़ी ड्राइवर की मौत हो गई। मृतक की पहचान उत्तर प्रदेश के बदायूं जिले के गांव भवानीपुर निवासी करीब 30 वर्षीय शाहरून के रूप में हुई है। शाहरून अपनी गाड़ी भिवानी से सामान लोड कर हरिद्वार लेकर जा रहा था। शुक्रवार तड़के करीब ढाई से तीन बजे के बीच उसकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हुई। हादसे के बाद राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर बास थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। जहां परिजनों के बयान दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप मामले की जांच आरंभ कर दी है।



### ट्रांसपोर्ट कंपनी में करता था काम

शाहरून जिस ट्रांसपोर्ट कंपनी की गाड़ी चलाता था, उसी कंपनी की एक अन्य गाड़ी शाहरुन की गाड़ी के आगे चल रही थी। उस गाड़ी ड्राइवर नसीब ने बताया कि हादसा तड़के करीब ढाई से तीन बजे के बीच हुआ। उन्होंने बताया कि उसकी पीछे चल रही गाड़ी जब काफी देर तक नजर नहीं आई तो उन्होंने वापस लौट देखा तो उसकी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त मिली, लेकिन गाड़ी के दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### शव देख भाई की बिगड़ी तबीयत

नागरिक अस्पताल में मौजूद परिजनों ने बताया कि करीब एक साल पहले शाहरून की शादी हुई थी और अभी तक कोई संतान नहीं हुई थी। परिजनों ने बताया उसके परिवार में पत्नी, मां और दो भाई हैं। मृतक के भाई के अनुसार, शाहरून ईद पर घर आया था और कुछ दिनों बाद फिर घर जाने की योजना बना रहा था। इस दौरान शाहरून का शव देखकर उसके बड़े भाई की तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद परिजनों ने उसे संभाला और उसको सांत्वना दी।

## कबाड़ की दुकान में लगी आग बड़ा हादसा होने से टला

**नारनौंद।** शहर के केनरा बैंक के सामने कबाड़ी की दुकान में अचानक आग लग गई। आग लगने से हजारों रुपये का नुकसान हो गया। पड़ोसी के घर धुआं जाने से पता चला और तुरंत ही सूचना फायर ब्रिगेड और पुलिस को दी। मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने आग को बुझाया। नारनौंद के जींद हांसी सड़क मार्ग पर केनरा बैंक के सामने गुरुवार की देर रात को अजमेर कबाड़ी की दुकान में अज्ञात परिस्थितियों में आग लग गई। दुकान के बराबर में ही रहने वाले पड़ोसी रमन के कमरे में धुंआ पहुंचा तो उसको कमरे में घुटन महसूस हुई और जब बाहर आकर देखा तो कबाड़ी की दुकान में भयंकर आग लगी हुई थी। इसकी सूचना दुकान के मालिक अजमेर ओर पुलिस को दी। तुरंत ही मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने पहुंच कर आग पर काबू पाया। कबाड़ी की दुकान के साथ लगता गोल्ड लोन बैंक पर भी आग की लपटे पहुंच चुकी थी। बैंक के बाहर एसी भी लगे हुए थे। अगर वो फट जाते तो बड़ा हादसा हो सकता था। बैंक की ऊपरी मंजिल पर रमन का परिवार भी रहता हैं। बड़ा हादसा होने से बाल बाल टल गया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

चुनाव | आदमपुर में 29 बूथ तथा उकलाना में 16 बूथों पर होगा मतदान

# आदमपुर व उकलाना में चुनाव के लिए पुख्ता सुरक्षा प्रबंध

■ किसी भी अराजक तत्व ने विघ्न डालने की चेष्टा की तो होगी कड़ी कार्रवाई : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले के मंडी आदमपुर में पंचायत चुनाव व उकलाना निकाय चुनाव के लिए पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए हैं। पुलिस ने चुनाव को पूरी तरह से निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए तैयारी की है।

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने कहा कि शांतिपूर्ण चुनाव के लिए पुलिस तैयार है। पुलिस अधीक्षक ने अपने निर्देशों में कहा है कि चुनाव को लेकर सभी पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में कानून व्यवस्था को पूरी तरह दुरूस्त रखें। आदमपुर के साथ लगते राजस्थान राज्य की सीमा पर स्थापित किए जाने वाले नाकों व अन्य संदिग्ध मार्गों पर भी नाकाबंदी कर आने जाने वाले व्यक्तियों व वाहनों को बारीकी से चेक करें और संदिग्ध किस्म के लोगों पर कड़ी निगाह रखें। उन्होंने बताया कि चुनाव में किसी भी अराजक तत्व ने विघ्न डालने की चेष्टा की तो उस पर कड़ी कार्रवाई होगी।

### पांच-पाचं नाके लगाए

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आदमपुर में 29 बूथ तथा उकलाना में कुल 16 बूथ है। आदमपुर व उकलाना में पांच-पांच नाके लगाए गए हैं। पुलिस चुनाव को लेकर पूरी तरह मुस्तैद है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यदि कोई अवैध तौर से मतदाता को तंग कर रहा है या धनबल-बाहुबल का प्रयोग कर रहा है या मतदाताओं को गैर कानूनी ढंग से प्रभावित करने की कोशिश करे तो 112 या संबंधित एसएचओ को तुरंत सूचना दें। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। उन्होंने पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों से कहा कि चुनाव के दौरान आम आदमी से मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर उनका सहयोग लिया जाए।



सिद्धांत जैन, एसपी, हिसार।

### उकलाना नगरपालिका एवं पंचायत चुनाव को लेकर ड्राई डे घोषित

**हिसार।** उकलाना नगरपालिका एवं पंचायत राज चुनाव-2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट एवं उपायुक्त महेंद्र पाल ने पंजाब आबकारी अधिनियम 1914 की धारा 54 के तहत आदेश जारी करते हुए संबंधित क्षेत्रों में ड्राई डे घोषित किया है। जारी आदेशानुसार नगरपालिका उकलाना क्षेत्र से तीन किलोमीटर की परिधि में आने वाले सभी शराब ठेके, बार एवं शराब परोसने वाले प्रतिष्ठान मतदान प्रक्रिया पूरी होने तक बंद रहेंगे। यह प्रतिबंध 8 मई को सायं 6 बजे से लागू होकर 10 मई को मतदान समाप्ति तक प्रभावी रहेगा। यदि किसी क्षेत्र में पुनर्मतदान होता है तो संबंधित क्षेत्र में 12 मई तक यह प्रतिबंध जारी रहेगा। वहीं मतगणना दिवस 13 मई 2026 को भी मतगणना पूरी होने एवं परिणाम घोषित होने तक शराब बिक्री पर पूर्ण रूप से पाबंदी रहेगी। इसके अतिरिक्त गांव मंडी आदमपुर एवं जवाहर नगर, ब्लॉक आदमपुर में होने वाले पंचायत चुनाव को लेकर भी तीन किलोमीटर की सीमा में स्थित सभी शराब विक्रय केंद्रों को बंद रखने के आदेश दिए गए हैं। इन क्षेत्रों में भी 8 मई शाम 6 बजे से मतदान एवं मतगणना प्रक्रिया पूर्ण होने तक शराब बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी।

### चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने तक हथियार लेकर चलने पर रहेगा पूर्णत प्रतिबंध

**हिसार।** जिला मजिस्ट्रेट एवं उपायुक्त महेंद्र पाल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए जिला हिसार के चुनावी क्षेत्रों में हथियार लेकर चलने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। यह आदेश नगर पालिका उकलाना तथा पंचायत राज चुनाव-2026 के अंतर्गत आने वाले गांव मंडी आदमपुर और जवाहर नगर ब्लॉक आदमपुर क्षेत्र में चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने तक प्रभावी रहेगा। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेशानुसार 10 मई को होने वाले चुनावों के मद्देनजर सार्वजनिक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। चुनावी क्षेत्रों में हथियारों के प्रदर्शन अथवा उपयोग से शांति भंग होने तथा आमजन की सुरक्षा को खतरा उत्पन्न होने की संभावना को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। आदेशों में बताया गया कि लाइसेंसी आग्नेयास्त्र, तलवार, लाठी, बरछा, कुल्हाड़ी, गंडासा, चाकू सहित ऐसे सभी हथियार एवं वस्तुएं, जिनका उपयोग आक्रामक गतिविधियों में किया जा सकता है, लेकर चलने पर पूर्ण रूप से पाबंधी।